बीकानेर में स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार महिला सहित तीन जनों की मौत

तीनों लोग शादी समारोह में मजदूरी के लिए पलाना गांव की ओर जा रहे थे

बीकानेर, (निसं)। गंगाशहर थाना क्षेत्र में स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों लोग शादी समारोह में काम करने के लिए जा रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं महिला के हाथ-पैर टूट गए। महिला और एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। एक नाबालिग की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा सोमवार सुबह करीब चार बजे पलाना गांव की ओर जाते समय धारणिया पेट्रोल पंप से 500 मीटर आगे हुआ।

- **टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए, वहीं महिला के हाथ-पैर टूट गए, महिला और एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, एक नाबालिग की इलाज के दौरान मौत हो गई**

जानकारी के अनुसार बाइक पर लेखराम, भंवरी देवी और नाबालिग कुलदीप सवार थे। तीनों किसी विवाह समारोह में मजदूरी के लिए पलाना गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि लेखराम और भंवरी देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल कुलदीप को पीबीएम हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, तीनों आपस में रिश्तेदार नहीं थे। घटना की सूचना मिलते ही गंगाशहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पीबीएम हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया। घायल कुलदीप को भी पुलिस की मदद से हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलने पर खिदमतगार खादिम सोसायटी असहाय सेवा संस्थान के हाजी जाकिर, हाजी नसीम, राजकुमार खड़गावत, जुनैद खान, रमजान, इमरान, अयूब, हाजी मलंग बाबा, शकील और शाएब एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे। इन्हीं लोगों ने पुलिस के निर्देशन में शवों को पीबीएम हॉस्पिटल की मोर्चरी में पहुंचाया, जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए।

बीजेपी नेता के घर 28 लाख की चोरी, शादी में गया था परिवार

17 तोले सोने के गहने, 500 ग्राम चांदी और दो लाख की नगदी चोरी

अनूपगढ़, (निसं)। बीजेपी जिला उपाध्यक्ष अविनाश डाबी के घर चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। सूने मकान को चोरों निशाना बनाकर 17.2 तोले सोने के जेवर, 500 ग्राम चांदी और 2 लाख रुपए कैश चुरा लिए। सोमवार की सुबह पड़ोसियों ने ताले टूटे देखे तो अविनाश डाबी को सूचना दी। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 28 लाख रुपए आंकी गई है।

अविनाश डाबी ने बताया कि अनूपगढ़ के वार्ड 21 में उनका मकान परिवार के सभी लोग चचेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए रायसिंहनगर गए थे। सोमवार सुबह पड़ोसियों ने अविनाश डाबी के घर के दरवाजे खुले देखे, जिसके बाद उन्होंने डाबी को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर अविनाश डाबी परिवार सहित घर पहुंचे। डाबी ने बताया कि घर के सभी कमरों का सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने कमरों में रखी अलमारियों से करीब 172 ग्राम सोने के जेवर, लगभग 500 ग्राम चांदी के जेवर और दो लाख रुपए नकद चुरा लिए और फरार हो गए।

- **घर के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में तीन युवक घर के पास आते हुए दिखे**

सूचना मिलने पर एएसआई सलीम खान और कांस्टेबल रतन सिंह मौके पर पहुंचे। एएसआई ने बताया कि घर के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में तीन युवक घर के पास आते हुए दिखाई दे रहे हैं, लेकिन फुटेज साफ न होने के कारण उनकी पहचान करना मुश्किल है। पुलिस मामले में अनुसंधान कर रही है।

अविनाश डाबी ने बताया कि वह परिवार के सदस्यों के साथ 18 अप्रैल को शाम करीब 4 बजे रायसिंहनगर में शादी पर गए थे। सोमवार सुबह करीब 9 बजे पड़ोसियों ने बताया कि आपके घर का मेन गेट खुला हुआ है। इस पर घर वापिस आकर देखा कि मेन गेट के ताला लगा हुआ था लेकिन कुंडा टूटा हुआ था। उन्होंने बताया कि चोरी होने की आशंका होने पर हमने घर में रखे जेवर और नगदी संभाले सारा सामान गायब मिला।

अविनाश डाबी के द्वारा इसकी सूचना अनूपगढ़ पुलिस थाने में दी गई। सूचना मिलने पर एएसआई सलीम खान और कांस्टेबल रतन सिंह मौके पर पहुंचे। एएसआई ने बताया कि पुलिस के द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए मुखबिरों को भी सक्रिय कर दिया गया है।

श्रीगंगानगर में स्कॉर्पियो की टक्कर से डेयरी संचालक की मौत, चालक फरार

श्रीगंगानगर, (निसं)। स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। डेयरी संचालक की सड़क पर गिरते ही मौत हो गई। युवक ने हेलमेट पहना हुआ था, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। पीछे बैठा दोस्त उछलकर करीब 10 फीट दूर जाकर गिरा। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं हादसे के बाद आरोपी स्कॉर्पियो ड्राइवर फरार हो गया।

- **बाइक पर पीछे बैठा दोस्त उछलकर 10 फीट दूर गिरकर घायल हुआ**
- **बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट पहना हुआ था, लेकिन लॉक नहीं लगाया हुआ था**
- **टक्कर के झटके से हेलमेट सिर से निकलकर दूर गिर गया, जिससे गंभीर हेड इंजरी हुई**

हादसा जवाहर नगर थाना क्षेत्र में इंदिरा वाटिका के सामने रविवार की शाम को हुआ। घटना का वीडियो सोमवार को सामने आया है। स्कॉर्पियो की टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार डेयरी संचालक की सड़क पर गिरते ही मौत हो गई। पीछे बैठा उसका दोस्त भी घायल हो गया।

एएसआई मनीराम ने बताया कि स्कॉर्पियो दक्ष प्रजापति चौक से चहल चौक की ओर जा रही थी। वहीं बाइक सवार डेयरी संचालक चहल चौक स्थित डेयरी पर अपने दोस्त के साथ जा रहा था। इस दौरान इंदिरा वाटिका के गेट के सामने ड्राइवर ने पहले गाड़ी को बाईं ओर सेक्टर 6-8 की तरफ मोड़ा, फिर अचानक दाईं ओर डिवाइडर कट पार करने के लिए घुमा दिया। इस दौरान ओवरटेक कर रही बाइक को स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक उछलकर दूर जा गिरे। बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट पहना हुआ था, लेकिन लॉक नहीं लगाया हुआ था। टक्कर के झटके से हेलमेट सिर से निकलकर दूर गिर गया, जिससे गंभीर हेड इंजरी हुई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने निजी वाहनों से दोनों को गंगानगर जिला हॉस्पिटल में पहुंचाया।

एएसआई मनीराम ने बताया कि महेश शर्मा (28) निवासी 2 एमएल सरपंच कॉलोनी नाथांवाला (श्रीगंगानगर) का रहने वाला था। महेश शर्मा की चहल चौक पर डेयरी है और दूध सप्लाई का काम करता था। वह अपने पिता श्रीचंद शर्मा का इकलौता बेटा था। घायल सौरभ, कालियां गांव (श्रीगंगानगर) का रहने वाला है। मृतक महेश के चाचा ने जवाहरनगर थाने में स्कॉर्पियो ड्राइवर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कराया है। सीसीटीवी के आधार पर आरोपी स्कॉर्पियो ड्राइवर की पहचान की जा रही है। शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया।

ट्रेन में तबीयत बिगड़ने से यात्री की मौत

कोटा, (निसं)। ट्रेन में यात्रा के दौरान तबीयत बिगड़ने से यात्री की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अपने परिचित के साथ एक युवक अवध एक्सप्रेस से सूरत से गोरखपुर घर जाने के लिये रवाना हुआ था, जिसकी रास्ते में तबीयत बिगड़ गई। जिसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने बताया कि गोरखपुर निवासी संदीप कुमर अपने परिचित के साथ सुरत से गोरखपुर जाने के लिये अवध एक्सप्रेस से रवाना हुआ था, जिसकी रास्ते में बीमारी के चलते तबीयत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां संदीप कुमार की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

जोधपुर में नकली किताबें जब्त

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर में नकली शैक्षिणक सामग्री बेचने के मामले में सरदारपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने एनसीईआरटी की नकली किताबें बेचने के मामले में एक पुस्तक व्यापारी के खिलाफ केस दर्ज किया है। सरदारपुरा थाने के सब इंस्पेक्टर दीपलाल ने रणछोड़दास मंदिर के पीछे बाईजी का तालाब क्षेत्र में स्थित मैसर्स कमल प्रकाशन पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके से एनसीईआरटी की नकली किताबें बरामद की गई। पुलिस ने दुकान संचालक वीरेंद्र गट्टानी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। जांच सरदारपुरा थानाधिकारी जय किशन सोनी कर रहे है।

अजमेर : अपहरण के आठ दोषियों को सजा सुनाई

अजमेर, (निसं)। एक वर्ष पुराने सनसनीखेज मामले में अदालत ने सख्त फैसला सुनाते हुए 8 आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने सभी दोषियों को तीन-तीन वर्ष के कठोर कारावास और 50-50 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

जानकारी के अनुसार घटना 20 मार्च 2023 की है, जब आरोपियों ने पति-पत्नी का अपहरण कर उन्हें नागौर ले जाकर अलग-अलग कर दिया। इसके बाद सुनसान स्थान पर पति की नाक काट दी और इस अमानवीय कृत्य का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया। ट्रायल के दौरान 29 गवाहों के बयान और 97 दस्तावेजी साक्ष्य पेश किए गए, जिनके आधार पर अदालत ने दोष सिद्ध माना। अदालत ने पीड़ित के पुनर्वास को ध्यान में रखते हुए उसे पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत 3.5 लाख रुपए की सहायता देने के आदेश भी दिए हैं। न्यायालय ने कहा कि यह फैसला समाज में कड़ा संदेश देगा कि जघन्य अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

डूंगरपुर में चाइल्ड हेल्पलाइन ने बाल विवाह रूकवाया, बारात वापस लौटी

पुलिस और प्रशासन की टीम ने परिजनों से समझाइश की।

डूंगरपुर, (निसं)। डूंगरपुर के एक गांव में चाइल्ड हेल्पलाइन ने बाल विवाह रूकवा दिया। इसके बाद बारात बेरंग लौट गई।

बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचना प्राप्त हुई कि धम्बोला थाना क्षेत्र के गांव नवाघरा चाडोली में एक बालिका जिसकी उम्र करीब 15 वर्ष 11 माह है, जिसका बाल विवाह सोमवार को होने जा रहा है, उसे मदद की आवश्यकता है। सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग डॉ. कल्पित शर्मा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मेहुल शर्मा ने इसकी सूचना जिला प्रशासन व धम्बोला पुलिस थाना को दी जिसके बाद उपखण्ड अधिकारी सीमलवाडा, धम्बोला पुलिस, सृष्टी सेवा समिति व चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की संयुक्त टीम द्वारा उक्त बालिका के घर जाकर जांच की तो पता चला कि बालिका का बाल विवाह करवाया जाने की तैयारी हो चुकी थी और बारात भी पहुंच चुकी थी, जिस पर टीम ने दुल्हन के दस्तावेजों की जांच की तो पाया कि दुल्हन की उम्र 15 वर्ष 11 माह है। जिस पर उक्त बाल विवाह मौके पर रूकवाया गया और बारात को बेरंग लौटा दिया गया, बालिका के परिजन माता-पिता को बाल विवाह नहीं कराने हेतु उपखंड अधिकारी, तहसील सीमलवाडा द्वारा पाबंद किया। उक्त कारवाही मे उपखण्ड अधिकारी सीमलवाडा विवेक गुर्जर,पटवारी आशीष आमलिया, सचिव भंवरलाल,पुलिस थाना धम्बोला से उप निरीक्षक सकाराम व चेतन लाल सहायक उप निरीक्षक मय जाप्ताए चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 से हिमांशु जैन व सृष्टी सेवा समिति से जिला समन्वयक सुरेन्द्र ढोली, मौजूद रहे।

- **बालिका के माता-पिता को बाल विवाह नहीं कराने हेतु प्रशासन ने पाबंद किया**

होटल संचालक की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

बीदासर, (निसं)। कस्बे के सीकर-नोखा स्टेट हाइवे 20 स्थित एक रेस्टोरेंट एंड होटल के संचालक मुन्नी राम मंडा की दो मार्च होली की रात की गई निर्मम हत्या के नामजद मुख्य आरोपी हमलावर शूटर राजूराम उर्फ राजू नेहरा निवासी ढढेरू को पुलिस ने रविवार की रात्रि में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को सोमवार को सुजानगढ़ न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायालय ने राजू राम को पांच दिन की पीसी रिमांड पर भेजा है। आईजी बीकानेर द्वारा आरोपी राजू राम की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। लगभग एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। आरोपी हत्या करने के बाद से ही फरार चल रहा था।

थानाधिकारी दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में मारपीट व लूट के आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी की तलाश में पुलिस ने राजगढ़, हिसार, उत्तर प्रदेश, सीकर, फतेहपुर, डिडवाना सहित अनेक स्थानों पर दबिश देकर गिरफ्तारी को अंजाम दिया है। इससे पूर्व पुलिस ने मुन्नीराम हत्याकांड में मुन्नी राम की थार की गाड़ी की रेकी कर आरोपियों को घटना से तुरंत पहले सूचना देने के आरोपी मनोज कुमार मेघवाल गांव लाछड़सर व रेकी करने के आरोपी लेखराम कड़वासरा गांव जोगलिया, सुभाष गोदारा गांव अमृतवासी व मास्टर माइंड हिस्ट्रीशीटर देवी सिंह जाट एवं फायरिंग के आरोपी धन्नाराम उर्फ दानाराम निवासी मोमासर, अजित हुड्डा निवासी खिड़वाली हरियाणा को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भिजवा चुकी है। आरोपी की गिरफ्तारी में थानाधिकारी दिलीप सिंह, एचसी महेश कुमार मीणा, कांस्टेबल नोपाराम, एजीटीएफ व साइबर सेल चूरू व विशेष भूमिका पुलिस थाना बीदासर के कांस्टेबल सुभाष की रही।

मंडफिया : भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में 16 अप्रैल चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती सोमवार को मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव की उपस्थिति में तीसरे चरण में हुई। तीसरे चरण से भंडार से 9 करोड़ 60 लाख 61 हजार 500 रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व दो चरणों में हुई भंडार गिनती से 17 करोड़ 62 लाख 24 हजार 500 रुपए नगद प्राप्त हुए थे। तीनों चरणों को मिलाकर 27 करोड़ 22 लाख 86 हजार नगद प्राप्त हुए। भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड अध्यक्ष वैष्णव, सदस्य पवन तिवारी, प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र सिंह, संपदा प्रभारी भेरूगिरी गोस्वामी सहित मंदिर एवं बैंकों के कर्मचारी उपस्थित थे।

पिस्टल सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। कैथून पुलिस टीम ने इलाके में अवैध हथियार देशी पिस्टल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध हथियार की तस्करी व तस्करों की धरपकड़ के लिये विशेष ऑपरेशन क्रिमिनल डस्टिंग अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के तहत् कैथून थानाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दांयी मुख्य नहर तेजाजी मंदिर जाने वाले रास्ते के पास वारदात करने की फिराक में अवैध हथियार देशी पिस्टल लेकर घूम रहे मोहम्मद रिजवान (35) को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया।

डीपीसी में चयनित 11881 व्याख्याता के चयन आदेश जारी

11881 व्याख्याता पदोन्नत होने के बाद भी 3833 क्रमोन्नत स्कूलों को टीचर नहीं मिलेंगे

बीकानेर, (निसं)। शिक्षा विभाग ने 13 अप्रैल को हुई डीपीसी में चयनित 11881 व्याख्याता की चयन आदेश जारी कर दिए हैं। अब इन व्याख्याता को काउंसलिंग के जरिए स्कूलों में रिक्त पदों पर पदस्थापन दिया जाएगा। इतनी बड़ी संख्या में वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता बनने के बाद भी प्रदेश के 3833 क्रमोन्नत स्कूलों को व्याख्याता नहीं मिल सकेंगे। इन स्कूलों में अभी तक व्याख्याता के पद मंजूर नहीं हुए हैं। हालांकि शिक्षा निदेशालय में पिछले साल क्रमोन्नत स्कूलों में 11499 व्याख्याता के पद मंजूर करने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजे थे।

नया शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद भी इन स्कूलों में व्याख्याता के पद नहीं दिए गए हैं। ऐसे में 11881 व्याख्याता की पदोन्नति होने के बाद भी इन स्कूलों में 11वीं और 12वीं कक्षा की पढ़ाई प्रभावित होगी। हालत यह है कि क्रमोन्नत किए गए इन स्कूलों में 9वीं - 10 वीं कक्षा को पढ़ने के लिए स्वीकृत सेकंड ग्रेड शिक्षकों के भी 40 फीसदी से अधिक पद रिक्त हैं। 10वीं कक्षा में नामांकन भी काफी कम है। शिक्षक नहीं होने का नतीजा यह है कि स्कूल क्रमोन्नत होने के बाद भी अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला इन स्कूलों में नहीं करवा रहे हैं। वर्तमान में सरकारी स्कूलों में व्याख्याताओं के 20 हजार से अधिक पद रिक्त हैं। पदोन्नत व्याख्याताओं की पोस्टिंग के बाद भी करीब 8 हजार पद रिक्त रहेंगे।

बसंत कुमार ज्याणी, प्रदेश प्रवक्ता, राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ रेस्टा का कहना है कि नया शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है। अनेक स्कूलों में व्याख्याता के पद रिक्त हैं। वहीं क्रमोन्नत हुए स्कूलों में 3 साल बाद भी पद नहीं दिए गए हैं। ऐसे में नामांकन बढ़ोतरी भी प्रभावित होगी।

- **शिक्षक नहीं होने का नतीजा यह है कि स्कूल क्रमोन्नत होने के बाद भी अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला इन स्कूलों में नहीं करवा रहे हैं**
- **वर्तमान में स्कूलों में व्याख्याताओं के 20 हजार से अधिक पद रिक्त हैं, पदोन्नत व्याख्याताओं की पोस्टिंग के बाद भी करीब 8 हजार पद रिक्त रहेंगे**

कोटा में छह लाख का अवैध मादक पदार्थ जब्त

पुलिस ने मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया

कोटा, (निसं)। बपावरकलां में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 41.680 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा के साथ तस्कर चेतन निवासी बुचेटी थाना खेडापा जिला जोधपुर और सुनिल पुत्र गोमाराम निवासी सालवाकलां थाना डागियावास जिला जोधपुर को गिरफ्तार किया। वहीं घटना में प्रयुक्त वाहन एक कार को जब्त करने में सफलता प्राप्त की। जब्त मादक पदार्थ की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 6 लाख 25 हजार रूपये बताई जा रही है।

जिला कोटा ग्रामीण द्वारा अवैध गतिविधियों की रोकथाम तथा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व धरपकड़ हेतू चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन रूट क्लियरेंस के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण रामकल्याण मीना आरपीएस सुपरविजन व वृत्ताधिकारी वृत सांगोद नरेन्द्र जैन आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी सुरेश मीणा उ.नि. के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित कर रखा था।

इस क्रम में गठित पुलिस टीम द्वारा विशेष कार्य योजना बनाकर बांरा-झालावाड़ राज्य राजमार्ग सांगोद चौराहा पर नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध वाहन कार को रोकने की कोशिश की तो उक्त कार को कार चालक ने वापस खानपुर की तरफ जाने लगी तो खानपुरा तिराहा से कस्बा बपावर की तरफ घूमी। उसी समय तो सरकारी वाहन को आगे लगाकर जाब्ते की मदद से रोका व जांच की तो 41.680 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा की तस्करी करते हुये दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त वाहन कार को जब्त किया गया। जब्त किये गये मादक पदार्थ की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 6 लाख 25 हजार रूपये है। आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

पुष्कर बस हादसा : देवनानी ने घायलों से मुलाकात की

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जेएलएन अस्पताल पहुंचकर घायलों की कुशलक्षेम पूछी।

अजमेर, (कासं)। पुष्कर घाटी में हुए दर्दनाक बस हादसे के बाद सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जेएलएन अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने अस्पताल में भर्ती सभी घायलों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा चिकित्सकों से उपचार की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली।

जानकारी के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सोमवार सुबह जेएलएन अस्पताल पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष ने अस्पताल प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि हादसे में घायल किसी भी मरीज के इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी घायलों को निशुल्क, समुचित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। अस्पताल दौरे के बाद विधानसभा अध्यक्ष हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के घर भी पहुंचे, जहां उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। वहीं देवनानी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया जाए। इस अवसर पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि व चिकित्सक उपस्थित रहे।

20 दुकानदारों के चालान काटे

टोंक, (निसं)। नगर परिषद टीम द्वारा सोमवार को स्वच्छता अभियान के तहत शहर में 20 दुकानदारों के चालान काटे गए। साथ ही उन्हें हरे और नीले रंग के डस्टबिन भी वितरित किए गए। परिषद टोंक आयुक्त धर्मपाल जाट के निर्देशन में टीम ने सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) एवं स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत कार्रवाई की।

Rajasthan Medical Services Corporation Ltd.
D-Block, Swasthya Bhawan, C-Scheme, Jaipur - 302005
Ph. No. 0141-2223887, Fax No. 0141-2228065, E-Mail-edepmrmsc-rj@nic.in
Ref. No. : F-8( ) RMSC/EPM/M-4/NIB-933/2025-26/40 Dated :- 15/04/2026

CORRIGENDUM / ADDENDUM

Bid for item:
1. Deep Freezer, Fowler Bed, Stead Bed, Foot Step, Syringe Infusion Pump, Glucostrip & Pulse Oxymeter (Handheld),
2. White Box (Sharp Container), & Transport Trolley (Wheel Barrow) Reserve for MSE, Rajasthan Only

are invited from interested bidders up to Date : 04-05-2026 : 06:00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on Procurement portal website **https://sppp.rajasthan.gov.in or www.dipronline.org** or **https://eproc.rajasthan.gov.in** or website **http://rmsc.health.rajasthan.gov.in.**

UBN : MSC2526GLOB00056

Executive Director (EPM)
Raj.Samwad/C/26/1095 Rajasthan Medical Services Corporation